प्रेस विज्ञाप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–10.10.2023 (सं0–333)

उच्चतर पदों पर कार्यकारी प्रभार

- बिहार पुलिस में आवश्यकतानुसार विभिन्न कोटियों में उच्चतर पद का कार्यकारी प्रभार दिया जा रहा है। बिहार पुलिस के अवर निरीक्षकों को उच्चतर पद पर कार्यकारी प्रभार दिये जाने हेतु लम्बित मामलों की समीक्षा के उपरान्त पुनः 100 योग्य पाये गये अवर निरीक्षकों को पुलिस निरीक्षक के उच्चतर पद पर कार्यकारी प्रभार दिनांक 09.10.2023 को दिया गया है। इस प्रकार अब तक 1268 अवर निरीक्षकों को पुलिस निरीक्षक के उच्चतर पद पर कार्यकारी प्रभार दिया जा चुका है।

- इस प्रकार अभी तक सिपाही से सहायक अवर निरीक्षक के 3050 पदों पर, सहायक अवर निरीक्षक से अवर निरीक्षक के 5095 पदों पर तथा अवर निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक के 1268 पदों पर अर्थात लगभग 01 माह की अवधि में कुल 9413 उच्चतर पदों पर कार्यकारी प्रभार दिया जा चुका है।

कुल कार्यकारी प्रभार

क्र0सं0	पदनाम	कार्यकारी प्रभार की संख्या	दिनांक
1.	सिपाही (पी0टी0सी0 उत्तीर्ण) से सहायक अवर निरीक्षक	3050	1. दिनांक 06.09.2023 को 2685 पद 2. दिनांक 05.10.2023 को 365 पद
2.	सहायक अवर निरीक्षक से पुलिस अवर निरीक्षक	5095	3. दिनांक 08.09.2023 को 3279 पद 4. दिनांक 08.10.2023 को 1816 पद
3.	पुलिस अवर निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक	1268	1. दिनांक 15.09.2023 को 1168 पद 2. दिनांक 09.10.2023 को 100 पद
कुल		**9413**	

XXXXX